गृह मंत्रालय द्वारा लॉकडाउन को और दो हफ्तों के लिये बढ़ाने के दिशानिर्देशों के अनुसार हरएक जोन को निम्नलिखित सुविधाएं मिलेंगी

केंद्र सरकार द्वारा जारी लिस्ट के हिसाब से बिहार में 38 जिलों में से पांच जिले रेड जोन में, वहीं, 20 जिले ऑरेंज तो 13 जिले ग्रीन जोन

देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 37 हजार के पार, 1218 मौत, 10 हजार लोग ठीक होकर वापस लौटे

बिहार और पंजाब सहित पांच और राज्य 'एक राष्ट्र - एक राशन कार्ड' योजना में शामिल, एकीकृत प्रबंधन व्यवस्था के तहत कहीं से भी अब राशन उठा सकेंगे बिहार के लोग


युवराज
# न्यूज़ टुडे
आपकी आवाज

NEWS TODAY Update

www.newstodayupdate.in

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+02 तिथि : 02 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## गृह मंत्रालय द्वारा लॉकडाउन को और दो हफ्तों के लिये बढ़ाने के दिशानिर्देशों के अनुसार हरएक जोन को निम्नलिखित सुविधाएं मिलेंगी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

लॉकडाउन - 03



केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिये लागू लॉकडाउन को और दो हफ्तों के लिये बढ़ाने का शुक्रवार को फैसला किया. यह चार मई से प्रभावी होगा. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि कोविड–19 पर स्थिति की व्यापक समीक्षा करने के बाद यह फैसला लिया गया. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने चार मई से दो हफ्तों की अवधि के लिये लॉकडाउन बढ़ाने का आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जारी किया है. गौर हो कि लॉकडाउन का प्रथम चरण 25 मार्च से 14 अप्रैल तक था, जिसे बाद में बढ़ा कर (15 अप्रैल से) तीन मई तक (दूसरा चरण) किया गया था.

### श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला

रेलवे की ओर से कहा गया कि गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस एक मई से श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया गया है. विशेष ट्रेनें दो स्थानों के बीच दोनों राज्य सरकारों के अनुरोध पर और फंसे लोगों को भेजने तथा लाने के सबंध में दिशानिर्देशों के अनुसार चलेंगी. यात्रियों के रवाना होने से पहले राज्यों द्वारा उनकी जांच की जाएगी और जिनमें कोरोना वायरस के लक्षण नहीं होंगे, उन्हें ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी.

### गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार रेड जोन में कई तरह के प्रतिबंध होंगे

गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार रेड जोन में कई तरह के प्रतिबंध होंगे. यहां साइकल रिक्शा, ऑटो रिक्शा, टैक्सी और कैब सेवा नहीं उपलब्ध होगी.यहां एक जिले से दूसरे जिले के बीच बस सेवा भी बंद रहेगी. स्पा, सलून और नाई की दुकाने नहीं खुलेंगी. पूरे देश में रेल, एयर, मेट्रो सेवा और एक राज्य से दूसरे में आवागमन बंद रहेगा. स्कूल, कॉलेज और एजुकेशनल इंस्टिट्यूट भी नहीं चलेंगे. ऑरेंज जोन में टैक्सी और कैब सेवा को अनुमति दी जाएगी लेकिन ड्राइवर के साथ एक यात्री ही सफर कर सकेगा.

### ग्रीन जोन में सभी बड़ी आर्थिक गतिविधियों की छूट दे दी गयी

देशभर को रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोनों में बांटने का काम किया जा रहा है. ग्रीन जोन में सभी बड़ी आर्थिक गतिविधियों की छूट दे दी गयी है. ताजा आदेश की मानें तो, ग्रीन जोन के 307 जिलों में बसें चलेंगी, लेकिन बसों की क्षमता 50: से ज्यादा नहीं होने दी जाएगी. इसका मतलब है कि, यदि किसी बस में 50 सीटें हैं तो उसमें 25 से ज्यादा यात्री नहीं बैठेंगे. इसी तरह, डीपो में भी 50: से ज्यादा कर्मचारी काम पर नहीं आएंगे. इन जिलों में नाई की दुकानें, सैलून समेत अन्य जरूरी सेवाओं और वस्तुएं मुहैया कराने वाले संस्थान भी 4 मई से खुल जाएंगे. सिनेमा हॉल, मॉल, जिम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आदि बंद रखा जाएगा.

### ऑरेंज का जानें हाल

ऑरेंज जोन की बात करें तो यहां बसों के परिचालन की छूट नहीं होगी, लेकिन कैब की अनुमति दी जाएगी. कैब में ड्राइवर के साथ एक ही यात्री बैठ सकेगा. ऑरेंज जोन में इंडस्ट्रियल ऐक्टिविटीज शुरू होगी और कॉम्प्लेक्स भी खोल दिये जाएंगे.

### प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक

इधर लॉकडाउन के कारण अलग–अलग राज्यों में फंसे लोगों के लिए आज बहुत अच्छी खबर आयी. केंद्र सरकार ने उनके लिए स्पेशल ट्रेन्स चलाने की परमिशन दे दी है. प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया. बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा, गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री पीयूष गोयल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, कैबिनेट सचिव राजीव

## रामविलास पासवान की पार्टी लोजपा के जिलाध्यक्ष का बेटा निकला बैंक लुटेरा, साथी संग झारखंड से पकड़ा गया



रिंकू गिरी,
संवाददाता

नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र के पिलखी स्थित देना बैंक में पिछले 4 माह पूर्व ढाई लाख रुपये लूटे गए थे. इस बैंक लूटकांड मामले के आरोपी रहे दो शातिर बैंक लुटेरों को पुलिस ने झारखंड के रांची के बरियातू से गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार बैंक लूटेरा में एक नालंदा के लोजपा जिलाध्यक्ष राजू पासवान का बेटा शशि पासवान भी शामिल है. शशि पासवान पूर्व में भी बिहारशरीफ के पॉश इलाके सोहसराय स्थित केनारा बैंक लूटकांड में भी शामिल था. बता दें कि 2 साल पहले इस बैंक से करीब 36 लाख रुपये बैंक लूटे गए थे. उस दौरान में पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिसके बाद वह जमानत पर बाहर निकला हुआ था.

### शिद्दत से तलाश रही थी पुलिस




लोजपा जिलाध्यक्ष के इस बेटे ने चार माह पूर्व राजगीर के पिलखी स्थित देना बैंक शाखा में वह एक बार फिर से बैंक लूट कांड, एकंगरसराय, लहेरी में भी कई लूटकांड की घटना को को अंजाम दिया. जिसके बाद से वह फरार चल रहा था. पुलिस उसे सरगर्मी से तलाश कर रही थी.

### झारखंड भाग गया था आरोपी

दरअसल बैंक लूट की घटना को अंजाम देने के बाद वह बिहार छोड़कर झारखंड भाग गया था. जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. वहीं, दूसरा गिरफ्तार बैंक लूटेरा बिहारशरीफ के प्रभात कुमार सिंह का पुत्र गोल्डी भी है जो इसका दाहिना हाथ बताया जाता है.

### नालंदा के एसपी ने कही ये बात

नालंदा एसपी नीलेश कुमार ने बताया कि सोहसराय के केनरा बैंक, राजगीर के देना बैंक, के साथ साथ लहेरी थाना क्षेत्र में एलआईसी एजेंट से दो लाख से अधिक लूटकांड, एकंगरसराय में दक्षिण मध्य ग्रामीण बैंक के कर्मी से 91 हजार की लूट, दीप नगर में फ्लिपकार्ड कर्मी से लाखों की लूट समेत समस्तीपुर, दरभंगा जिले में भी कई बैंक लूटकांड में शामिल था. इसका अन्य साथी भी पूर्व में गिरफ्तार किया गया है.

## देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 37 हजार के पार, 1218 मौत, 10 हजार लोग ठीक होकर वापस लौटे



सुनील चौधरी,
संवाददाता, नई दिल्ली



कोरोना संक्रमण के बढ़ते देख सरकार ने देश में लॉकडाउन को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया है. भारत में अब तक कोरोनावायरस से 1218 मौतें हुई हैं. पिछले 24 घंटे रिकॉर्ड 71 मौतें हुई हैं, जबकि संक्रमित मरीजों की संख्या 37 हजार के पार पहुंच चुका है. दुनिया की बात करें तो इस वायरस की चपेट में अब तक 30 लाख से अधिक लोग आ चुके हैं, जबकि लगभग 2 लाख 20 हजार लोग मारे जा चुके हैं.

मौत का आंकड़ा 1200 के पार

भारत में कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या 1218 हो गयी है. देश में बीते 24 घंटे में 70 से अधिक लोगों ने दम तोड़ दिया है. वहीं मरीजों की संख्या भी बढ़कर 37 हजार के पार पहुंच गयी है. हालांकि राहत की बात यह है कि अब तक तकरीबन 10 हजार लोग ठीक होकर वापस लौट चुके हैं.

## केंद्र सरकार द्वारा जारी लिस्ट के हिसाब से बिहार में 38 जिलों में से पांच जिले रेड जोन में, वहीं, 20 जिले ऑरेंज तो 13 जिले ग्रीन जोन में



आशीष राज,




कोरोना संकट के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को रियायतों के साथ अगले दो हफ्तों के लिए लॉकडाउन की अवधि बढ़ाने की घोषणा की, इसके साथ ही तीसरा चरण 17 मई तक लागू रहेगा. केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना संक्रमित की संख्या, डबलिंग रेट और टेस्टिंग के अनुसार जिलों की नई लिस्ट जारी की गयी है, इसमें बताया गया है कि कौन सा जिला किस जोन में आता है, और किस जिले में किस तरह की सख्ती बरती जाएगी. यह जारी की गयी लिस्ट के हिसाब से बिहार में 38 जिलों में से पांच जिले रेड जोन में शामिल किया गया है. वहीं, 20 जिले ऑरेंज तो 13 जिले ग्रीन जोन में है.

### रेड जोन में शामिल है ये 5 जिले

मुंगेर, पटना, रोहतास, बक्सर और गया.

### ऑरेंज जोन में शामिल है ये 20 जिले

नालंदा, कैमूर (भभुआ), सिवान, गोपालगंज, भोजपुर, बेगूसराय, औरंगाबाद, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, भागलपुर, अरवल, सरन, नवादा, लखीसराय, बांका, वैशाली, दरभंगा, जहानाबाद, मधेपुरा और पूर्णिया जिला ऑरेंज जोन में शामिल है.

### ग्रीन जोन में शामिल ये है 13 जिले

शेखपुरा, अररिया, जमुई, कटिहार, खगरिया, किशनगंज, मुजफ्फरपुर, पशिचम चंपारण, सहरसा, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और सुपौल जिले को ग्रीन जोन में शामिल किया गया है.


रजि0 कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## बिहार और पंजाब सहित पांच और राज्य 'एक राष्ट्र- एक राशन कार्ड' योजना में शामिल, एकीकृत प्रबंधन व्यवस्था के तहत कहीं से भी अब राशन उठा सकेंगे बिहार के लोग



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,



केंद्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार और पंजाब सहित पांच और राज्य 'एक राष्ट्र– एक राशन कार्ड' योजना में शामिल हो गये हैं. इन्हें मिलाकर अब तक कुल 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 60 करोड़ लाभार्थियों को राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी का फायदा मिल रहा है.

'एक राष्ट्र– एक राशन कार्ड' पहल के तहत, पात्र लाभार्थी एक ही राशन कार्ड का उपयोग करते हुए देश के किसी भी राज्य में स्थित उचित मूल्य की दुकान से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत अपने कोटे का खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं. खाद्य मंत्रालय एक जून से पूरे देश में इस सुविधा को लागू करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है.

पासवान ने एक ट्वीट में कहा, ''आज 5 और राज्यों – बिहार, यूपी, पंजाब, हिमाचल प्रदेश तथा दमन और दीव को 'एक राष्ट्र – एक राशन कार्ड प्रणाली ' के साथ जोड़ा गया है.'' उन्होंने कहा कि इस साल एक जनवरी को, 12 राज्य परस्पर एक दूसरे से जुड़े थे और अब 17 राज्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की इस एकीकृत प्रबंधन व्यवस्था के तहत आ गये हैं.

इन राज्यों की राशन व्यवस्था परस्पर एक दूसरे से जुड़ गयी है. एक सरकारी बयान में कहा गया, ''17 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के लगभग 60 करोड़ लाभार्थी राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी से लाभान्वित हो सकते हैं और वे मौजूदा राशन कार्ड का उपयोग करके सब्सिडी वाले खाद्यान्न खरीद सकते हैं.'' आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, गोवा, झार खंड और त्रिपुरा 12 राज्य हैं जहां राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी लागू की गयी है. इनमें लाभार्थी दूसरे राज्य में अपनी पात्रता का 50 प्रतिशत अनाज उठा सकते हैं.

देश में 81 करोड़ से अधिक लाभार्थी एनएफएसए के तहत पंजीकृत हैं. इसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक से तीन रुपये किलो की दर पर पांच किलो के सब्सिडी वाले खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाते हैं. हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से कहा था कि वह कोरोनावायरस लॉकडाउन अवधि के दौरान प्रवासी श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) को सब्सिडी युक्त खाद्यान्न प्राप्त करने योग्य बनाने के लिए अस्थायी रूप से 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' अपनाने की व्यवहारिकता पर गौर करे.

## ग्रीन एंड क्लीन संस्था की ओर से मजदूर दिवस पर नगर परिषद के सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित



सम्राट, संवाददाता



कोरोना महामारी के समय जान जोखिम में डालकर सफाई का काम करने वाले नगर परिषद के सफाईकर्मी को मजदूर दिवस के मौके पर जिले की ग्रीन एंड क्लीन संस्था की ओर से सम्मानित किया गया. सम्मानित करने के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल रखा गया.

ग्रीन एंड क्लीन संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि कोरोना संकट के समय नगर परिषद् के सफाइकर्मियों का सम्मान करके हम नगरवासी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. क्योंकि इस संकट की घड़ी में इन्ही लोगों के मेहनत से शहर की सफाई व्यवस्था चल रही है.

बता दें कि ग्रीन एंड क्लीन संस्था के सदस्य शुक्रवार को नगर परिषद् के कार्यशाला पहुंचे. जहां कोरोना वरियर्स के रुप में काम करने वाले नगर परिषद् के सफाईकर्मियों को संस्था के सदस्यों ने चंदन लगाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया. उसके बाद सफाईकर्मियों को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया.


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830